RANCHI UNIVERSITY
RANCHI

अधिसूचना
पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 2023

निम्नांकित विषयों में न्यूनतम 55% (पचपन प्रतिशत) तथा अ.ज.जा. एवं अ.जा. के लिए 50% (पचास प्रतिशत) अंक के साथ स्नातकोत्तर परीक्षा में उतीर्ण अभ्यर्थी पीएच.डी. कार्यक्रम में नामांकन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 07.11.2023 को अपराहन 4.00 बजे तक निर्धारित परीक्षा शुल्क–रु. 1,900.00 (एक हजार नौ सौ रुपये) सामान्य / पि.व. तथा रु. 1,400.00 (एक हजार चार सौ रुपये) अ.ज.जा. / अ. जा., साथ ही रु. 300.00 (तीन सौ रुपये) आवेदन शुल्क के साथ राँची विश्वविद्यालय में जमा किया जा सकता है।

1. हिन्दी, 2. उर्दु, 3. बंगला, 4. अंग्रेजी, 5. जनजातीय एवं क्षेत्रिय भाषा, 6. दर्शन शास्त्र, 7. इतिहास, 8. अर्थ शास्त्र, 9. भूगोल, 10. राजनीति शास्त्र, 11. मानव विज्ञान, 12. मनो विज्ञान, 13. समाज शास्त्र, 14. गृह विज्ञान, 15. भूगर्भ शास्त्र, 16. जीव विज्ञान, 17. वनस्पति शास्त्र, 18. भौतिक शास्त्र, 19. रसायन शास्त्र, 20. गणित, 21. संस्कृत एवं 22. वाणिज्य।

आवेदन प्रपत्र दिनांक 14.10.2023 से 04.11.2023 तक राँची विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.ranchiuniversity.ac.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा दिनांक 24.12.2023 को प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर होगी।

डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त रु. 300/– (तीन सौ रुपये) का बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव, राँची विश्वविद्यालय को राँची में देय होगा के साथ परीक्षा नियंत्रक, राँची विश्वविद्यालय के कार्यालय में जमा किया जा सकता है अथवा निबंधित डाक द्वारा निम्न पते पर भेजा जा सकता है।

पता – परीक्षा नियंत्रक, राँची विश्वविद्यालय, शहीद चौक, राँची, झारखण्ड–834001

कुलपति के आदेशानुसार
ह०/–
कुलसचिव
राँची विश्वविद्यालय, राँची

ज्ञापांक: Ex/2747 दिनांक 26/10/2023

प्रतिलिपि :–

1. स्नातकोत्तर विभाग के सभी विभागाध्यक्ष,
2. सभी संकाय के संकायाध्यक्ष,
3. वित्त पदाधिकारी, राँची विश्वविद्यालय, राँची,
4. सभी पदाधिकारी, राँची विश्वविद्यालय, राँची,
5. प्रभारी सामान्य भंडार, राँची विश्वविद्यालय, राँची,
6. कुलपति / प्रतिकुलपति / कुलसचिव के निजी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू अग्रसारित,
7. संपादकः–

26.10.23

कुलसचिव
राँची विश्वविद्यालय, राँची
Registrar
Ranchi University, Ranchi

26/10/2023